हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live &
dkunews24
वर्ष : 03 अंक–192 : जौनपुर, बुधवार 03 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री ने 7.31 लाख से अधिक ग्राम पंचायत सदस्यों व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को लिखी चिट्ठी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के आठ लाख से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों को व्यक्तिगत पत्र लिखा है। इसमें दीपावली पर्व की शुभकमानाएं देने के साथ ही क्षेत्र के विकास कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया है। प्रदेश में 7.31 लाख से अधिक ग्राम पंचायत सदस्य व 75 हजार से अधिक क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं। लेकिन, अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आए तो न तो इन्हें स्थानीय पंचायतें खास महत्व देती हैं और न ही सरकार इन्हें याद करती हैं। विशेष अवसरों पर मुख्यमंत्री द्वारा भी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत प्रमुखों व जिला पंचायत सदस्यों को ही पत्र लिखा जाता रहा है। मगर, विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी ने पंचायतीराज व्यवस्था में सबसे बड़ी संख्या में निर्वाचित इन उपेक्षित पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र लिखकर उन्हें लाइमलाइट में ला दिया है। खास बात ये है कि मुख्यमंत्री ने यह पत्र प्रत्येक सदस्य को उसके नाम व पते के साथ लिखा है। यही नहीं यह पत्र प्रत्येक क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्य को दीपावली से पूर्व पहुंच जाए, इसकी पुख्ता के निर्देश दिए गए हैं। निदेशक पंचायतीराज अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रदेश के ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पत्र उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जिला पंचायतराज अधिकारियों को दी गई है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि मुख्यमंत्री के संदेश के लिफाफे संबंधित ग्राम पंचायत सदस्य व क्षेत्र पंचायत सदस्य को ही दिए जाएं। संदेश व लिफाफों का दुरुपयोग न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के संदेश बुधवार तक प्रत्येक दशा में संबंधित सदस्यों को प्राप्त करा दिए जाएंगे। सीएम ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में मांगा सक्रिय सहयोग। मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत सदस्यों से कहा है कि पंचायतीराज व्यवस्था में ग्राम पंचायतें गांवों के विकास की सबसे



महत्वपूर्ण इकाई हैं। आप न सिर्फ अपनी गांव की मूलभूत समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं बल्कि इन समस्याओं के स्थायी निराकरण व गांव के विकास की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है। इसी तरह क्षेत्र पंचायतों को ग्राम पंचायत व जिला पंचायत के बीच कड़ी बताते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास खंड के अंदर पड़ने वाली ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए जिम्मेदार बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तमाम योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिसमें सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, ग्रामीण आवास योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्वच्छ भारत मिशन व मनरेगा जैसी योजनाओं के जरिए आपके ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत में विकास के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। ग्रामीण सचिवालय की स्थापना व बीसी सखी जैसी पहल की गई हैं। सरकार ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थापना सुविधाओं के विकास व रोजगार सृजन के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ऐसे में पंचायत सदस्य व क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में गांव व क्षेत्र की जनता के विकास कार्यों में सहभागी बनने का जो अवसर मिला है, उसका पूर्ण सदुपयोग करें। उन्होंने सदस्यों के सफल कार्यकाल की कामना के साथ–साथ उन्हें व उनके परिजनों को दीपावली की शुभकमानाएं व्यक्त की हैं।

## गलत साइड पर आकर बेकाबू ट्रक ने कार में मारी टक्कर : महिला समेत दो की मौत

सोनभद्र ब्यूरो : यूपी के सोनभद्र जिले में बुधवार दोपहर रफ्तार का कहर नजर आया। वाराणसी–शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर मधुपुर के पास कम्हरिया गांव में बेकाबू ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। कार चालक की हालत गंभीर है। काफी कोशिशों के बाद भी मृतकों की शिनाख्त नहीं सकी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। सदर कोतवाली के सुकृत चौकी क्षेत्र अंतर्गत कम्हरिया गांव के पास दोपहर में हादसा हुआ। सोनभद्र से वाराणसी की ओर जा रही स्विफ्ट डिजायर कार में उसी लेन में विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ। वह गलत लेन में घुसकर तेज रफ्तार में अचानक कार के सामने आ गया। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर की आवाज सुन आसपास के लोग घटनास्थल पर दौड़े। किसी तरह कार सवारों को बाहर निकाला गया, मगर तब तक कार सवार एक महिला और पुरुष की मौत हो चुकी थी। कार के पीछे डिग्गी में दो सूटकेस रखे हुए हैं। कार सवारों के



पहनावे से अंदाजा लगाया जा रहा है कि महिला–पुरुष एक ही परिवार के हैं और दोनों दीपावली की छुट्टी पर कहीं जा रहे थे। पुलिस ने दोनों के शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। कार किसी ट्रेवेल एजेंसी की है। पुलिस नंबर के आधार पर उसका ब्योरा खंगालने में जुटी है। सदर कोतवाल सत्यनारायण मिश्र, एसएसआई ऐश खां, चौकी इंचार्ज जैनेंद्र सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाल के मुताबिक मृतकों की पहचान कराई जा रही है। चालक की हालत भी गंभीर है।

धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व पर समस्त देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
देश की उपासना
राष्टीय हिन्दी
मासिक / साप्ताहिक एवं दैनिक
समाचार पत्र परिवार की तरफ से
उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर ,जौनपुर,उ0प्र0

## प्रधानों और ब्लॉक के जिम्मेदार अफसरों की कृपा से मलाई काट रहे सफाई कर्मी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गांव की साफ –सफाई के लिए जनपद में हजारों सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। इन कर्मचारियों पर प्रदेश सरकार का करोड़ों रूपये वेतन के रूप में खर्च होता है।इसके बावजूद गांवों में साफ–सफाई की हालत बद से बदतर बनी हुई है।इस तरफ प्रशासन का भी ध्यान नहीं जा रहा है। पूर्ववर्ती ब०स०पा० शासन काल में गांवों की साफ –सफाई के लिए सफाई कर्मियों की भर्ती की गई थी।गोरखपुर जनपद में हजारों ग्राम पंचायतों के राजस्व ग्रामों को स्वच्छ रखने के लिए हजारों सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है।इन सफाई कर्मियों के वेतन के रूप में प्रति महीने करोड़ों रूपये खर्च हो रहा है।इस समय सफाई कर्मियों का वेतन लगभग २८.हजार रुपये मासिक है।इस तरह गांवों को चका–चक रखने के लिए मात्र गोरखपुर जनपद में ही करोड़ों रूपये खर्च किया जा रहा है।हकीकत यह है कि किसी भी गांव में सफाई व्यवस्था सन्तोष जनक नहीं है। गांवों में चारों तरफ गन्दगी मुंहबाये सरकार को मुंह चिढ़ा रही है,फिर भी जिम्मेदार हैं कि उन्हें हकीकत देखने व जानने की फुर्सत ही नहीं है। ऐसे में सरकार द्वारा करोड़ों रूपया खर्च किया जाना बेमतलब साबित हो रहा है।गांवों में तैनात सफाई कर्मी ग्राम प्रधानों के रहमोंकरम से मलाई काट रहे हैं। वे कभी–कभार ही गांवों में आते हैं,और प्रधान जी लोगों को सलाम ठोक कर चले जाते हैं।बहुत अधिक दबाव पड़ने पर सफाई कर्मी खुद सफाई करने की बजाय मजदूर रखकर यहां– वहां घास पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करा देते हैं। लोगों का कहना है कि अगर उन्हें खुद काम नहीं करना है तो उनको हटाकर क्यों न उसी की नियुक्ति कर दी जाय जो सफाई कर्मी की जगह काम करते हैं।ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत नहीं की जाती। शिकायत तो वह करते ही हैं, मगर जिन्हें लापरवाह सफाई कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करनी है, वे भी उन पर मेहरबान रहते हैं, जिसके चलते ग्रामीणों द्वारा की जाने वाली शिकायतें महज शिकायतें बन कर ही रह जाती है।अगर यह हाल गोरखपुर जनपद का है तो पूरे प्रदेश पर सरकार का कितना पैसा खर्च हो रहा होगा।यही हाल गोरखपुर जनपद के उरूवा विकास खण्ड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों की है,जहां सफाई कर्मियों द्वारा बर्षों से गांवों में गन्दे नालियों की साफ–सफाई नहीं की जा रही है। गांवों में मौका देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गांवों में संक्रामक बीमारियां फैलने की प्रबल सम्भावना बन गई है। जो सफाई कर्मियों का घोर लापरवाही का जीता–जागता प्रमाण है।

## महिला को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पीयू करता रहेगा अथक प्रयास : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने 200 आंगनबाड़ी केंद्रों को गोद लिया। इसमें आजमगढ़ के 125 और मऊ के 75 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। यह घोषणा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने आजमगढ़ और मऊ जिले में आयोजित 'आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा संपन्न बनाने की अनूठी पहल' समारोह में माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में किया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की इस पहल और नारी को आत्मनिर्भर बनाने के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए माननीय राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल ने पीयू की कुलपति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आजमगढ़ और मऊ जिले के महाविद्यालयों द्वारा आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय महिला अध्ययन केंद्र की ओर से महिलाओं को जागरूक करने के साथ–साथ गांव में चौपाल लगाकर उन्हें कुपोषण, प्लास्टिक का बहिष्कार, महिला स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी जाती हैं।जिसका सीधा–सीधा लाभ महिलाओं को मिल सके। उन्होंने कहा कि कुलाधिपति जी के दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय लगातार महिलाओं के उत्थान के साथ साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन कर रहा है। विश्वविद्यालय ने 66



क्षयरोगियों को गोद लिया था,जिसमें से 52 रोगी ठीक हो गए। विश्वविद्यालय में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें देसी गाय के गोबर की धूपबत्ती, राखी, गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, एंटी रेडिएशन चिप और मिट्टी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इसके बाद स्वरोजगार मेला लगाकर उसकी बिक्री भी कराई जा रही है ताकि उनको आर्थिक मदद मिल सके।कार्यक्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार, सहायक कुलसचिव सुश्री बबीता सिंह, विशेष कार्य अधिकारी डॉ.के एस. तोमर, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव के साथ आजमगढ़ और मऊ के महाविद्यालयों के प्रबंधक शिक्षक और प्राचार्य के अतिरिक्त एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश यादव रोवर रेंजर समन्वयक डॉक्टर जगदेव भी उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी बुधवार को विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सुनील कुमार द्वारा दी गई।

## दिवाली पर घर जा रहे मजदूरों से भरी पिकअप पलटी : 4 महिलाओं की मौत 19 घायल

वाराणसी ब्यूरो : छोटी दिपावली के दिन बुधवार अहले सुबह वाराणसी के डाफी क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ। एनएच–दो पर सत्कार होटल के समीप मजदूरों से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप सवार चार महिलाओं की मौत हो गई। जबकि 19 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप पर सवार लोग दिवाली पर्व मनाने के लिए बरेली से बिहार के दाउद नगर (औरंगाबाद) जा रहे थे। पिकअप पर कुल नौ परिवारों के 25 लोग सवार थे। सभी रोजी–रोटी के लिए बरेली रहते थे। दिवाली और छठ पर्व मनाने के लिए किराए के पिकअप से अपने घर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ड्राइवर को झपकी आने के कारण पिकअप डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। चीख–पुकार मची तो आसपास के लोग और राहगीर वहां पहुंच गए। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची लंका थाने की पुलिस ने घायलों को बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने चार महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। 19 घायलों का उपचार जारी है। चार लोगों की हालत गंभीर है।



घायलों में कई बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इधर, हादसे की वजह से डाफी में एनएच की एक एक लेन पर जाम की स्थिति हो गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को क्रेन की मदद से हटवा कर आवागमन शुरू कराया। हादसे के शिकार लोगों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में काफी गहमागहमी है। पुलिस के कई उच्चाधिकारी अस्पताल पहुंचे हैं।पुलिस के मुताबिक, मृतकों में लीलावती (20 वर्ष), रूपा (17 वर्ष), अंजू (22 वर्ष) और कौशल्या (22 वर्ष) शामिल हैं। वहीं, घायलों में बच्चों सहित कुल 19 लोग हैं। घायलों की पहचान औरंगाबाद जिले के दाउद नगर क्षेत्र निवासी सुदामा , किरण देवी, ममता, पूजा, दुलारी देवी, राहुल, सत्यम, सलोनी, सनिक्षा, अनिता, दीपा, सावित्री, रवि, विनोद प्रसाद, नीलू, छोटी, संतोष, कल्लू प्रसाद और अन्य है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## दोबारा स्थापित की जाएगी काशी से 100 साल पहले चुराई गई देवी अन्नपूर्णा की मूर्ति

लखनऊ ब्यूरो : यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 100 साल पहले काशी के मंदिर से मां अन्नपूर्णा की एक मूर्ति चुरा ली गई थी जिसे कनाडा के एक विश्वविद्यालय को बेच दिया गया था। भारत सरकार को वही पुरानी मूर्ति मिल गई है जिसे अब यह यूपी सरकार को सौंपी जाएगी। इस मूर्ति को पुनः मंदिर में स्थापित किया जाएगा। ये जानकारी





प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी । मुख्यमंत्री योगी बुधवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि 11 से 14 नवंबर तक शोभायात्रा के रूप में इसे काशी लाया जाएगा। 15 को प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मिल–जुलकर खुशियां बांटने से पर्व का उल्लास बढ़ता है। इसके मद्देनजर उन्होंने जनप्रतिनिधियों सहित प्रदेश सरकार के अधिकारियों और कर्मचारियों से दीपावली पर समाज के निर्धन और कमजोर वर्गों के लोगों के साथ पर्व की खुशियों में सम्मिलित होने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा दीपावली पर केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सहित अन्य जरूरतमंदों के आवास पर पहुंचकर दीप जलाने तथा मिठाई वितरित किए जाने से समाज के सभी लोगों के लिए दीपावली का यह पर्व विशेष हो जाएगा।

## विद्यांजलि भारत मंच एवं उड़ान कवि सम्मेलन का संयुक्त आयोजन 7 नवंबर को

इंदौर, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता अजय कुमार तिवारी ) : शहर के युवा तथा वरिष्ठ कवियों को लेकर मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति 11 आर एन टी मार्ग के सभागृह में उड़ान कवि सम्मेलन का आयोजन शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। जिसके अंतर्गत 3 प्रतिष्ठित विद्वानों को (कोरोना योद्धा व महारथी अलंकरण 2021) से सम्मानित किया जायेगा। आयोजन सभी साहित्य प्रेमियों के लिए खुला है। विशेष बात




यह है कि कवि सम्मेलन में दो श्रौता कवियों को भी काव्यपाठ का अवसर दिया जायेगा। इन दो श्रौता कवियों का चयन लाटरी / ड्रॉ द्वारा सभागृह में किया जायेगा एवं श्रेष्ठ काव्यपाठ हेतु सम्मानित भी किया जायेगा। ये कवि करेंगे काव्यपाठ– सुश्री सोनाली खरे 'देविका' (छंदमुक्त कविता) बेटमा, श्रीमती विनिता सिंह चौहान (छंदमुक्त कविता) इंदौर, श्री सुधाकर मिश्रा (देशप्रेम) महू, श्री मनोहरलाल सोनी बाबा इंदौर (सबरस), श्री अतुल दवे इंदौर (गीत / गजल, श्री दामोदर विरमाल महू (श्रृंगार), श्री संजय आरजू 'बडौतवी' (हास्य) इंदौर, श्री शिवा 'इंदौरी' (ड.ड.) इंदौर (हास्य), श्री आला चौहान 'मुसाफिर' इंदौर (शेरो शायरी / गजल), श्री जितेन्द्र शिवहरे इंदौर (श्रृंगार)। आयोजन निर्धारित समयानुसार तथा कोविड गाइड लाइन के अनुपालन में सम्पन्न होगा। संस्था विद्यांजलि भारत मंच इंदौर द्वारा सभी साहित्यिक प्रेमियों को आयोजन में पधारने का आग्रह किया गया है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
*पाप तो बुरा है लेकिन पुण्य का अहंकार भी तो बुरा होता है–*
*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# त्योहारों में पटरी पर लौटती अर्थव्यवस्था

त्योहारों का मौसम हमेशा कुछ ऐसा होता है कि उत्साह और आनंद का माहौल स्वतः ही बन जाता है। लेकिन वर्ष 2020 अलग था, कोविड महामारी के चलते त्योहारों के दौरान उत्साह ठंडा पड़ गया था। वास्तव में, 2020 की दिवाली के समय संक्रमण के मामले बढ़ने, कई जगहों पर तालाबंदी और हर चीज पर प्रतिबंध के चलते कहीं कोई खुशी का माहौल नहीं था। कह सकते हैं कि वर्ष 2020 में त्योहारों का उत्साह बिल्कुल गायब था। लेकिन इस वर्ष सौ करोड़ टीकाकरण और नए कोविड मामलों में कमी के चलते प्रतिबंध कम हो रहे हैं और आर्थिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

हमारे त्योहारी मौसम दुकानदारों के लिए खास मायने रखते हैं, क्योंकि इस दौरान आर्थिक गतिविधियां बढ़ जाती हैं। उत्सव अपने तरीके से आर्थिक उछाल में योगदान करते हैं। वास्तव में असंगठित एवं अर्ध–संगठित क्षेत्र में बड़ी संख्या में काम करने वाले लोगों ने वर्ष 2020 में बहुत कुछ खोया। लेकिन इस साल चीजें उत्साहजनक हैं। सरकार ने भी सरकारी कर्मचारियों के लिए बकाया राशि जारी करके, उनके हाथों में अधिक नकदी डालकर, जिसे खर्च किया जा सकता है, अपना काम किया है। आइए, हम उन घटनाओं को देखें, जो अर्थव्यवस्था में बहुत जरूरी पुनरुद्धार और उत्साह लाएंगे, छोटे उद्यमों के व्यवसाय को फिर से शुरू करेंगे और सकारात्मक बदलाव के लिए माहौल तैयार करेंगे।

शैक्षणिक संस्थानः कोविड के चलते स्कूल और कॉलेज परिसर बंद होने के कारण छात्रों को बड़े पैमाने पर नुकसान उठाना पड़ा। हालांकि ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की गई, लेकिन इसकी सीमा थी, जिस कारण बहुत से छात्र इससे वंचित रह गए। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के लोगों के प्रवासन के कारण बहुत से छात्रों ने पढ़ाई ही छोड़ दी या उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। स्कूल और कॉलेज खुलने से उन छात्रों को मदद मिलेगी और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में भी इसका असर पड़ेगा। किताबें, स्टेशनरी, स्कूल यूनिफॉर्म, ट्यूशन, परिवहन और अन्य संबंधित क्षेत्रों में कारोबार शुरू होने से ये क्षेत्र पटरी पर लौट पाएंगे।

यात्रा और अवकाशः एयरलाइंस और रेल मार्गों ने फिर से परिचालन शुरू कर दिया है और इसी तरह थिएटर, रेस्तरां, मॉल और बाजार भी खुल गए हैं। इन सभी क्षेत्रों में रोजगार का स्तर उच्च है, जो ऐसे व्यवसायों और व्यापार में लगे लोगों के लिए शुभ संकेत है। ट्रैवल एजेंट, मूवी हॉल, मनोरंजन उद्योग, खाद्य और पेय उद्योग, होटल, रेलवे, एयरलाइंस और कई अन्य क्षेत्र परोक्ष रूप से इन क्षेत्रों से जुड़े हैं, जिन्हें इन क्षेत्रों के खुलने से लाभ होगा। पर्यटन क्षेत्र अपनी प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार संभावनाओं के साथ न केवल पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने में मदद करेगा, बल्कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को भी बढ़ावा मिलेगा।

सवारी और व्यावसायिक वाहनः पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के बावजूद अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ कारों की बिक्री धीरे–धीरे बढ़ रही है। बिक्री बढ़ाने के लिए डीलर और कार निर्माता ग्राहकों को काफी छूट और कई लाभ दे रहे हैं। उच्च ईंधन लागत को संबोधित करने के लिए कई ऑटो निर्माताओं ने हरित पहल को समर्थन देने के लिए सरकारी पहल द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहनों में संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी हैं। यह क्षेत्र भी भारी रोजगार पैदा करता है और यह लोगों के लिए अपनी कार्यकुशलता में सुधार करने का साधन है। दक्षता, कम संचालन व रखरखाव लागत के कारण हमारे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का भविष्य सकारात्मक है।

रियल एस्टेट एवं संबंधित क्षेत्रः आर्थिक गतिविधियों में सुधार घर और व्यावसायिक अचल संपत्तियों की खरीद से जुड़ा है। जैसे–जैसे चीजें बेहतर होंगी, वे सभी, जिन्होंने कार्यालय बंद कर दिया था, अपने कार्यालय स्थापित करेंगे और ऐसा ही शहरी क्षेत्रों में प्रवासी आबादी के साथ होता है, जो बेहतर आर्थिक संभावनाओं के लिए शहरों में वापस आते हैं। इससे निर्माण, सीमेंट, टाइल्स, पेंट और सेनेटरी वियर कंपनियों को काफी फायदा होगा। साथ ही, रियल एस्टेट डेवलपर्स, श्रम और सुरक्षाकर्मियों के लिए संभावनाएं बढ़ेंगी।

स्वास्थ्य सेवाः स्वास्थ्य सेवा ही संभवतः ऐसा क्षेत्र था, जिस पर कोविड का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, उसमें और बेहतर संभावनाएं दिखाई देंगी, क्योंकि गैर–कोविड नियमित स्वास्थ्य सेवा पुनः पटरी पर लौटेगी। इसके अलावा, स्वास्थ्य सेवा पर कई राज्य और केंद्र सरकार की परियोजनाओं के शुरू होने के साथ दवा और चिकित्सा उपकरण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। इससे डॉक्टरों के साथ–साथ नर्सों, तकनीशियनों और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अन्य रोजगार की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी, जो एक सुचारू ढंग से संचालित अस्पताल नेटवर्क के लिए जरूरी है।

वित्तीय सेवाएं : शेयर बाजार बढ़त पर है, और बचत वाले लोग शेयर बाजारों में निवेश कर रहे हैं, विशेष रूप से हाल के महीनों में बाजार में आईपीओ की बाढ़ आ गई है। इस बीच, होम लोन की कम ब्याज दरों के साथ, घर खरीदारों के बीच त्योहारी सीजन में घर खरीदने के लिए कर्ज लेने में दिलचस्पी बढ़ी है। जैसे, कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ 'बाय नाउ पे लेटर' (बीएनपीएल) ट्रेंड लोगों को अभी खरीदारी करने और बाद में अपनी खरीदारी का भुगतान करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है, वित्तीय सेवा उद्योग ने हाल के वर्षों में इससे अधिक आकर्षक ऑफर नहीं देखा है।

कुल मिलाकर, आंकड़े और रुझान अर्थव्यवस्था और लोगों के मिजाज में तेजी का संकेत देते हैं। लोगों को कोविड संबंधी पाबंदियों और निराशा से बाहर आने पर राहत मिली है। त्योहारों के मौसम ने बस खुशियों के लिए जरूरी बहाना और माहौल बना दिया है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं जहां अपनी समस्याओं से जूझ रही हैं, वहीं भारत फिर से अपनी बड़ी आबादी का लाभ देख रहा है, जिसमें उन समस्याओं से निपटने के लिए खपत की प्रवृत्ति अंतर्निहित है। उम्मीद की जा रही है कि हम अर्थव्यवस्था और लोगों पर पड़े कोविड की मार से बाहर निकल आए हैं और अब जीवन व आजीविका पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इससे मुक्त हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## महापौर संयुक्ता भाटिया ने ऑटोमेटिक सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन का किया उद्घाटन : शुभारंभ

आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत प्रधान मंत्री स्वच्छता मिशन की ओर से महिलायो में जागरुकता हेतु महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया के द्वारा ऑटोमेटिक सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन का उद्घाटन एवं मुफ्त सैनिटरी नैपकिन वितरण समारोह का शुभारम्भ पत्रकार पुरम चौराहा गोमती नगर लखनऊ के निकट भवन में किया गया। दिवाकर त्रिपाठी सांसद प्रतिनिधि, डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ल कार्यालय प्रभारी एवं जन संपर्क अधिकारी माननीय रक्षा मंत्री मुकेश शर्मा अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती संयुक्ता भाटिया महापौर त्रिलोक सिंह अधिकारी महामंत्री भारतीय जनता पार्टी, प्रवीण गर्ग मीडिया प्रभारी, सुशील तिवारी पम्मी पार्षद, श्रीमती मधुलिका सिंह मेयो अस्पताल की निदेशक,सामाजिक संस्था से श्रीमती रंजना सिंह, गोमती नगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव, सचिव आलोक मिश्रा एवं सचिव सी जी नायर, प्रतिभा शाही, नंदिनी मिश्रा, कुसुम वर्मा, सीमा दुबे, कमल प्रकाश, विनय कुमार जौहरी एवं गोमती नगर जन कल्याण महासमिति के अन्य पदाधिकारी एवं महिलायें कार्यक्रम में सम्मिलित हुये। दिवाकर त्रिपाठी, डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ल, मुकेश शर्मा, श्रीमती संयुक्ता भाटिया, सुशील तिवारी पम्मी, श्रीमती मधुलिका सिंह, श्रीमती रंजना सिंह आदि ने महिलाओ को स्वच्छता एवं स्वस्थ जीवन के बारे में जागरुक किया। दिवाकर त्रिपाठी ने रक्षा मंत्री द्वारा लखनऊ के विकास के लिए




किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया एवं महिलाओ के स्वास्थ्य संबन्धित अन्य प्रयास का भी जिक्र किया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओ को सैनिटरी नैपकिन का निःशुल्क वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओ ने प्रधान मंत्री एवं रक्षा मंत्री का विशेष आभार भी व्यक्त किया एवं स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। दक्ष सिंह को उसकी विलक्षण प्रतिभा के लिए महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा सम्मानित किया गया। त्रिलोक सिंह अधिकारी महामंत्री भारतीय जनता पार्टी ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## पूर्वांचल के विधायकों और पदाधिकारियों की लेंगे 'क्लास' : कई मंत्री भी होंगे मौजूद

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी दौरे पर आ रहे गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश के विधानसभा चुनाव का प्रबंधन संभालने वाली टीम की भी क्लास लगाएंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री और प्रदेश चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान सहित उनकी पूरी टीम भी यहां पहुंचेगी। इसके साथ ही काशी क्षेत्र के 71 विधानसभाओं के पदाधिकारी और विधायक भी अपने कामकाज के ब्यौरे के साथ हाजिर होंगे। गृहमंत्री गोरखपुर क्षेत्र की बैठक आजमगढ़ में लेंगे। सक्रिय हो रहे विपक्ष पर प्रभावी पलटवार की रणनीति के लिए अमित शाह पूर्वांचल की कमान संभालने काशी पहुंच रहे हैं। 12 नवंबर की दोपहर वे यहां पहुंचेंगे और आठ घंटे में छह बैठक कर वे संगठन की पेंच सकेंगे। अगले दिन राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय की ओर से हस्तकला संकुल में संवैधानिक दायित्वों के अंतर्गत केंद्र सरकार के कार्यालयों, विभागों, बैंकों में हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। दोपहर बाद वे आजमगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यहां बता दें कि पूर्वांचल में चुनाव से पहले संगठन की कार्यशैली और चुनाव के दौरान की कार्ययोजना पर संगठन के साथ चर्चा करेंगे। इस दौरान प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारियों के साथ चुनाव प्रबंधन में जुटी टीम से भी वे अब तक की तैयारियों पर चर्चा करेंगे। मिशन 65 के लक्ष्य पर टिकी निगाह। काशी क्षेत्र की 71 विधानसभा सीटों पर वर्ष 2017 में भाजपा ने 55 सीटों पर फतह पाई थी। यूपी में दोबारा सत्ता पाने के लिए पूर्वांचल पर पकड़ मजबूत करने में जुटी भाजपा पूर्वांचल में 65 सीटों पर विजय का लक्ष्य लेकर चल रही है। इस लक्ष्य



को पाने के लिए पूर्वांचल की सियासत की नब्ज भांपने वाले अमित शाह ने खुद कमान संभाली है। कारण, उनके नेतृत्व में ही वर्ष 2014, 2017 और 2019 में पूर्वांचल में भाजपा ने क्लीन स्वीप जैसी स्थिति बनाई थी। सुभासपा के सपा के पाले में जाने के बाद भाजपा अब नई रणनीति के साथ मैदान में उतरेगी। 12 नवंबर को चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे से ही मंथन शुरू होगा। भाजपा पदाधिकारियों की बैठक में अमित शाह एक एक सीट पर मंथन करेंगे। माना जा रहा है कि इसी आधार पर विधानसभा चुनाव में टिकट निर्धारित करने की भी रूपरेखा तय हो जाएगी। इसमें खराब प्रदर्शन करने वाले विधायकों और प्रत्याशियों का भी भविष्य तय कर लिया जाएगा। सीएम आगमन से पहले प्रशासन अलर्ट। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 12 नवंबर को करीब एक बजे वाराणसी पहुंचेंगे। सीएम आगमन की सूचना पर प्रशासनिक महकमे में अलर्ट है। परियोजनाओं की प्रगति के साथ ही सड़कों की मरम्मत आदि की रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। इसके साथ ही शहर की साफ–सफाई और यातायात को लेकर हुए प्रयासों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

## खुद को एसडीएम बताकर खरीदी 14 हजार की मिठाई और चेक से किया पेमेंट : बैंक में निकला फर्जी

आजमगढ़ ब्यूरो : यूपी के आजमगढ़ में फर्जीवाड़े का अजब–गजब कारनामा सामने आया है। धनतेरस के दिन खुद को एसडीएम बताकर एक ठग ने मिठाई विक्रेता को 14 हजार की चपत लगा दी। विक्रेता को जब नुकसान का पता चला तो उसके होश उड़ गए। मामला जिले के जीयनपुर बाजार स्थित एक प्रसिद्ध मिठाई दुकान का है। जहां पर दूर–दराज से लोग मिठाई खरीदने आते हैं। धनतेरस के दिन मंगलवार शाम तीन लोग काले रंग की स्कॉर्पियो से दुकान पर पहुंचे। अलग–अलग प्रकार के 14 हजार रुपए की मिठाई खरीदी। तीन लोगों में से एक ने दुकानदार को खुद का परिचय आजमगढ़ सदर के एसडीएम अमित राय बताया। दुकानदार ने भी 'साहेब' को देखकर आवभगत की। भुगतान की बारी आई तो कथित एसडीएम ने कैश न होने का हवाला देते हुए 14 हजार रुपए का चेक काट कर दिया और स्कॉर्पियो में बैठकर चलते बने। दुकान मालिक श्यामराज जब चेक को बैंक में जमा करने गया तो पता चला कि यह फर्जी चेक है। चेक पर भारतीय स्टेट बैंक अकबरपुर, जिला अंबेडकर नगर लिखा हुआ है।'समझ नहीं आ रहा कि अब क्या करें'। चेक पर अमित कुमार का नाम अंकित है। अब फर्जी चेक लेकर दुकानदार इधर–उधर भटक रहा है। उसे समझ नहीं आ रहा कि अब वो करे तो क्या करे। त्योहार के दिन खुद के साथ हुए फर्जीवाड़े पर उसे भरोसा नहीं हो रहा। इधर, इस घटना के बाद जीयनपुर बाजार के व्यापारी अब ठगों को लेकर सतर्क हो गए हैं।

## वाराणसी में 800 करोड़ का कारोबार : सराफा बाजार में हुई धनवर्षा से व्यापारी गदगद


वाराणसी ब्यूरो : कोरोना कहर के दो साल में चौपट हो चुकी अर्थव्यवस्था में धनतेरस ने नई जान फूंक दी। बाजार दमक उठा और लोगों ने जमकर खरीदारी की। वाराणसी में धनतेरस पर लक्ष्मी इस कदर मेहरबान रही कि शोरूम से लेकर छोटी दुकानों में खरीददारी के लिए लोग उमड़े रहे। सुबह से लेकर देर रात तक बाजार गुलजार रहे। आकर्षक छूट से बाजारों में रौनक रही। लोगों ने भी कोरोना काले के दर्द को भुलाकर दिल खोलकर खरीदारी की। किस्तों और ब्याज मुक्त फाइनेंस योजनाओं के मुकाबले ग्राहकों की नकद भुगतान में अधिक रुचि दिखी। बाजार पर नजर रखने वाले कारोबारियों के अनुसार, धनतेरस पर आठ सौ करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ। हालांकि, ई–कामर्स कंपनियों की वजह से बाजार पर असर भी पड़ा। सराफा, ऑटोमोबाइल, कृषि उपकरण, बर्तन, इलेक्ट्रानिक के साथ–साथ अन्य दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ रही। कोरोना काल के बाद बाजार सुधरने का अनुमान लगाकर कारोबारियों ने भरपूर स्टॉक तैयार किया था। इसके पीछे की वजह विविध आइटमों की प्रमुख मंडी और थोक बाजार होने की वजह से पूर्वांचल व बिहार के फुटकर कारोबारी भी खरीदारी करते हैं। लोकल ग्राहकों की भीड़ भी रहती है। पहले से ही आर्डर ही नहीं बल्कि एडवांस बुकिंग भी शुरू हो



गई थी। ऐसे में थोक के साथ फुटकर कारोबार में भी बूम दिखा। सराफा बाजार में गिफ्ट आइटमों में सोने के अलावा चांदी के नोट, सिक्कों की भी खूब मांग रही। ज्वेलर्स भी इस मौके को भुनाने में लगे रहे। शेयर मार्केट में कमॉडिटी एक्सचेंज के स्थानीय टर्मिनलों पर निवेशकों की भीड़ रही। दोपहिया और चार पहिया वाहनों के शोरूम भी गुलजार रहे।

## लाखों दीपकों से जगमगाएंगे बनारस के घाट : राजघाट पर 3 दिवसीय गंगा महोत्सव

वाराणसी ब्यूरो : दिवाली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा पर देवाधिदेव महादेव की काशी की जगमगाहट दुनिया को चकाचौंध कर देगी। कार्तिक पूर्णिमा (19 नवंबर) को देव दीपावली के दिन काशी के घाटों पर सात लाख दीये जलाए जाएंगे। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने गंगा महोत्सव एवं देव दीपावली की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को मंडलीय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। मंडलायुक्त ने बताया कि राजघाट पर तीन दिवसीय गंगा महोत्सव (17 से 19 नवंबर) का आयोजन होगा और 19 को देव दीपावली पर काशी के 84 घाट सात लाख दीयों से जगमग होंगे। देव दीपावली के दिन प्रातः कार्तिक पूर्णिमा स्नान के अवसर पर गंगा नदी में सुरक्षा के बंदोबस्त किए जाएंगे। निर्देशित किया कि नगर निगम के अधिकारी यह सुनिश्चित कराएं कि देव दीपावली के दौरान नावों पर क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। इसके लिए नाविक संघों के साथ नगर आयुक्त बैठक करेंगे। इस दौरान जल पुलिस एवं एनडीआरएफ के अधिकारी नावो से पेट्रोलिंग करेंगे। गंगा महोत्सव एवं देव दीपावली के दौरान घाटों पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया। भव्य आयोजन का होगा शहर के विभिन्न स्थानों पर लाइव प्रसारण। गंगा घाटों पर समुचित सफाई व्यवस्था और घाटों पर तिरंगा लाइटिंग कराने के लिए खराब लाइटिंग को दुरुस्त कराने का निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिया। देव दीपावली का शहर के विभिन्न स्थानों पर एलईडी स्क्रीन पर सजीव प्रसारण होगा। मंडलायुक्त ने देव दीपावली के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को




दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सहित मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तीन दिनों तक एयर बैलून एडवेंचर का आनंद। मंडलायुक्त दीपक अग्रवाल ने 17, 18 और 19 नवंबर को होने वाले हॉट एयर बैलून शो के संबंध में बैठक के दौरान भी सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बताया कि हॉट एयर बैलूनिंग में कुल 11 बैलून होंगे। जिसमें भारत के चार सहित यूके, पोलैंड, यूरोप सहित अन्य देशों के बैलून एवं उनके पायलट रहेंगे। प्रति दिवस 500 लोगों का उड़ान इसमें होगा। हॉट एयर बैलून के उड़ान के लिए 15 किमी सर्किल को चिह्नित किया गया है। जिसमें 7 किलोमीटर की उड़ान अधिकतम 10 हजार फीट पर होगी। 19 नवंबर को सायं गंगा उस पार रेती में हॉट एयर बैलून उड़ान भरेंगे। तीन दिनों तक सैलानियों के साथ ही स्थानीय लोग एयर बैलून एडवेंचर का आनंद ले सकेंगे।

## दिवाली से पहले जीवनभर का दर्द : गाजीपुर में ट्रक से कुचलकर 6 की मौत

गाजीपुर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में दिवाली से एक दिन पहले दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। बेकाबू ट्रक से कुचलने के कारण छह लोगों की मौत हो गई। घटना मुहम्मदाबाद क्षेत्र के अहिरौली गांव की है। धनतेरस के दिन इस दर्दनाक सड़क हादसे ने अहिरौली गांव को जीवनभर ना भूलने वाला दर्द दे गया। माताओं की गोद सूनी और सुहागिनों का सुहाग उजाड़ दिया। गांव में चीख–पुकार और परिजनों के दर्द से आसपास के गांवों में भी मातमी सन्नाटा छा गया। अहिरौली गांव के सामने मंगलवार सुबह आठ बजे एक बेकाबू ट्रक सड़क के किनारे चाय की दुकान में बैठे छह लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से जा टकराया। दर्दनाक हादसे में सभी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रक छोड़कर भाग रहे चालक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। नाराज ग्रामीणों ने शवों को सड़क पर रखा कर गाजीपुर–भरौली मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे डीएम और एसपी ने किसी तरह जाम खत्म कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये देने की घोषणा की है। सड़क हादसे में एक ही गांव के पांच और जीयनदासपुर गांव के एक व्यक्ति की मौत की सूचना ने जिले के लोगों को सकते में डाल दिया। हादसे में अहिरौली गांव निवासी वीरेंद्र राम (45), चंद्रमोहन राय (45), सत्येंद्र ठाकुर (32), श्यामबिहारी कुशवाहा (32), गोलू यादव (15) और जियनदासपुर निवासी उमाशंकर यादव (60) की मौत हो गई।हादसे में मृत वीरेंद्र राम मजदूरी करके परिवार पालते थे। सड़क किनारे कच्चे मकान में वह अपनी पत्नी रामा देवी, पुत्र अखिलेश, दीपक और पुत्री खुशबू के साथ रहते थे। बिटिया की शादी की तैयारी भी की जा रही थी। उन्हें क्या पता था कि ट्रक मौत बनकर उन्हें अपनी आगोश में ले लेगा। परिवार पर दुखों का ऐसा पहाड़ टूटा कि सारे सपने टूटकर बिखर गए। हीरा ठाकुर के चार पुत्रों में सबसे बड़ा सत्येंद्र ठाकुर सड़क किनारे गुमटी में सैलून चलाते थे। घटना के बाद पत्नी खुशबू बिलखते–बिलखते अचेत हो जा रही थी। वहीं मां को रोते देख मासूम माही और रिया भी रोने लग जा रही थीं। उनकी हालत देख वहां मौजूद ग्रामीणों की आंख भर जा रही



थी। जीयनदासपुर गांव के उमाशंकर यादव सुबह ही टांगी में धार दिलाने घर से तीन किमी दूर अहिरौली चट्टी पर गए थे। परिवार को हादसे की सूचना मिली व ग्रामीणों के साथ वहां पहुंचे तो उनका शव देखकर बिलखने लगे। ग्रामीणों में इसी की चर्चा थी कि मौत ही उन्हें गांव से तीन किलोमीटर दूर खींचकर ले गई थी। अहिरौली गांव के दरोगा यादव के पुत्र सत्यम उर्फ गोलू यादव इंटर का छात्र था। वह चट्टी पर खड़ा होकर लोगों की बात सुन रहा था कि हादसे में उसकी भी मौत हो गई। पुत्र के शव को देख माता–पिता रोते–रोते अचेत हो जा रहे थे। मुहम्मदाबाद कोतवाली के शाहनिंदा से आगे बढ़ने पर कुंडेसर चट्टी तक सड़क के किनारे पटरी नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि इतना बड़ा हादसा आज पटरी न होने के कारण ही हुआ है। अगर पटरी रही होती तो शायद इतने लोगों की मौत नहीं होती। पटरी निर्माण के लिए कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक बिहार प्रांत के चौसा निवासी अवधेश सिंह को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसे जमकर पीटा। बाद में पुलिस ने उसे छुड़ाया और अस्पताल भिजवाया। नाराज ग्रामीणों ने साढ़े तीन घंटे तक गाजीपुर–भरौली मार्ग जाम किया। मौके पर पहुंचे डीएम और एसपी ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिजनों को दो–दो लाख रुपये आर्थिक मदद और अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा देकर जाम समाप्त कराया।

## कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती के लिए आज से कर सकेंगे आवेदन

प्रयागराज ब्यूरो : प्रोग्रामर श्रेणी–2, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी और प्रबंधक (सिस्टम) परीक्षा–2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया तीन नवंबर से शुरू होने जा रही है। इन पदों पर भर्ती के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) बुधवार को विस्तृत विज्ञापन जारी करेगा, जिसमें ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, शुल्क जमा करने की प्रक्रिया, जाति प्रमाणपत्रों का प्रोफार्मा, परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम, परीक्षा केंद्रों के जिलों के नाम, आरक्षण एवं आयुसीमा में छूट के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश उपलब्ध रहेंगे। आयोग ने ऑनलाइन माध्यम से परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि 29 नवंबर और ऑनलाइन आवेदन सब्मिट करने की अंतिम तिथि तीन दिसंबर निर्धारित की है। आयोग के सचिव जगदीश के अनुसार वर्तमान में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग




में प्रोग्रामर श्रेणी–2 का एक पद एवं कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी के तीन पद खाली हैं। वहीं, औद्योगिक विकास विभाग में प्रबंधक (सिस्टम) का एक पद रिक्त है। भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए वही अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनकी आयु एक जुलाई 2021 को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष हो। वहीं, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में प्रोग्राम श्रेणी–2 पद के लिए अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु एक जुलाई 2021 को न्यूनतम 25 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

# एमपी एमएलए कोर्ट प्रयागराज में चलेगा मल्हनी विधायक लकी यादव का मुकदमा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मल्हनी के सपा विधायक लकी यादव के खिलाफ चल रहा चेक बाउंस का मुकदमा हाइकोर्ट के निर्देश पर एमपी/एमएलए कोर्ट प्रयागराज में मंगलवार को स्थानांतरित कर दिया गया। पिछली तिथि पर विधायक रुपये वापस लौटाने को तैयार हो गए थे, लेकिन वादी सादिक ने आपत्ति करते हुए न्यायालय से ब्याज सहित मुकदमे का हर्जा–खर्चा भी दिलाए जाने का आग्रह किया था। विधायक ने गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर गत 12 अक्टूबर को कोर्ट में सरेंडर किया था। शहर कोतवाली क्षेत्र के ओलंदगंज निवासी सादिक ने कोर्ट में विधायक के खिलाफ चेक बाउंस का केस दर्ज करा रखा है। उनका आरोप है कि लकी यादव ने जमीन बेचने के लिए उनसे 14.65 लाख रुपये लिए थे। बाद में सौदा रद होने पर सादिक ने लकी यादव से रुपये लौटाने को कहा। तब लकी यादव ने सादिक को 14.65 लाख का स्टेट बैंक आफ इंडिया, शाखा मड़ियाहूं का एक चेक दो मई 2019 को



दिया। सादिक ने चेक भुगतान के लिए बैंक आफ बड़ौदा ओलंदगंज स्थित शाखा में अपने खाते में 13 मई 2019 को प्रस्तुत किया। लकी के खाते में पर्याप्त धन न होने के कारण चेक बाउंस हो गया था। सादिक ने इसकी सूचना अपने अधिवक्ता के माध्यम से 22 मई 2019 को रजिस्टर्ड डाक से विधायक को दी थी। बावजूद इसके न तो विधायक ने नोटिस का जवाब दिया और न ही सादिक को रुपये लौटाए थे।

# पथ विक्रेताओं और स्वच्छकारों के सम्मान के साथ दीपावली मेला संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नगर पालिका परिषद,शाहाबाद के तत्वावधान में आयोजित भव्य दीपावली मेला पथ विक्रताओं एवं स्वच्छकारों के सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष प्र लक्ष्मी कांत त्रिपाठी ने कहा कि दीपावली हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें कठपुतली के नृत्य,नाटक,झूला,मिक्की माउस,संगीत,कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खूब आनंदित किया।सभी लोग आनंद से सराबोर रहे।नेहरू म्युनिसिपल कन्या इण्टर कालेज, राष्ट्रपिता म्युनिसिपल इण्टर कालेज, जूनियर हाईस्कूल,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के अलावा मेला मैदान के आसपास की प्रतिभाओं ने खूब आनंदित किया।सभी को हृदय से प्रणाम एवं दीपावली की शुभकामनाएं। अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर 28 अक्टूबर को शुरू हुए दीपावली मेला ने प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया।विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मेला में आए लोगों मनोरंजन किया।पालिका के सभी कर्मचारियों एवं शिक्षक,शिक्षिकाओं ने सहयोग किया।पथ विक्रेताओं एवं स्वच्छकारों ने भी योगदान दिया। ग्रा प ए अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में संपन्न हुए दीपावली मेला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं सफाई




व्यवस्था में सराहनीय योगदान करने के लिए स्वच्छकार राजेंद्र,राज कुमार,श्याम बाबू,मनफूल,राम सेवक,सुधीर,राम बाबू,सियाराम,राधे श्याम, नरेन्द्र,सुशीला, गुड्डी,सफाई नायक हसीब अहमद खां,सुनील कुमार एवं तस्दीक अहमद खां को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।पी एम स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स के लाभार्थी सद्दाम,मक्खन, हरि भजन रस्तोगी,अंसार,मंसूर, रामौतार,कमल किशोर,गोविंद शर्मा,फारुख एवं अजीत कुमार आदि पथ विक्रेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में राम लीला मेला के महामंत्री मधुप मिश्र,सभासद संजय तिवारी, कृष्ण कुमार, यादवेन्द्र मिश्र, सचिन त्रिपाठी,शादाब हुसैन,कर निरीक्षक अनस अहमद खां,असद खां,पीयूष शुक्ला समेत अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन माह में किसानों को दें बिना अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को बिना अधिग्रहण किए ली गई किसानों की जमीनों के मुआवजे के मामले 25 फरवरी 2022 तक निस्तारित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सभी जिलाधिकारियों को हलफनामा दाखिल कर बताने के लिए कहा है कि मुआवजे की मांग को लेकर कितनी अर्जियां दाखिल की गईं और कितनी तय की गईं हैं। यदि तय नहीं की गईं हैं तो क्या कारण हैं। कोर्ट ने आदेश का पालन करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश की प्रति भेजने को कहा है। याचिका की सुनवाई 25 फरवरी 22 को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल तथा न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने राम कैलाश निषाद व अन्य की याचिका पर दिया है। याची का कहना है कि उसने 25 फरवरी 20 को जिलाधिकारी को मुआवजे की मांग को लेकर अर्जी दी थी। एक साल 8 माह बाद भी अर्जी तय नहीं की गई है। 12 मई 16 के शासनादेश के अनुसार यदि बिना अधिग्रहीत किए जमीन ली गई है तो मुआवजे के भुगतान करने के मामले में जिलाधिकारी सक्षम प्राधिकारी है। कोर्ट ने कहा कि जब शासनादेश में प्रक्रिया तय है तो जिलाधिकारी अर्जियों को तय क्यों नहीं कर रहे हैं और मुआवजे की मांग को लेकर बड़ी संख्या में याचिकाएं दाखिल हो रहीं हैं। इस बाबत कोर्ट ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया है। सरकार नहीं कर रही मुआवजे का भुगतान। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भूमि अधिग्रहण कर कब्जे में लेने या अधि



ग्रहण किए बगैर जमीन पर कब्जा लेने और मुआवजे का भुगतान न करने को गंभीरता से लिया है और कहा है कि जमीनों का अधिकांश अधिग्रहण राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग या सिंचाई विभाग द्वारा किया जाता है। मुआवजे के भुगतान के लिए हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल हो रही हैं। सरकार मुआवजे का भुगतान नहीं कर रही है। कोर्ट ने तीनों विभागों के अपर मुख्य सचिवों को विचाराधीन अर्जियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया है और पूछा है कि इनके निस्तारण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार से ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती कि किसानों की जमीन ले और मुआवजे का भुगतान न करे। कोर्ट ने तीनों शीर्ष अधिकारियों को 3 दिसंबर तक स्थिति स्पष्ट करते हुए व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश राजेश बिन्दल तथा न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने जय नारायण यादव व अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका की सुनवाई 3 दिसंबर को होगी।

# जिलाधिकारी द्वारा जनपद के समस्त सरकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री प्रतिष्ठानों पर सतत निगरानी हेतु संयुक्त टीम गठित कर किया छापा

जौनपुर सू.वि. : शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा जनपद के समस्त सरकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री प्रतिष्ठानों पर उर्वरक बिक्री पर सतत निगरानी हेतु राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर छापे की कार्यवाही की गई । कार्यवाही के दौरान उर्वरक कालाबाजारी, अधिक मूल्य पर बिक्री जोत एवं संस्तुत मात्रा के आधार पर कृषकों में प्रभावी वितरण एवं गुणवत्ता नियंत्रण को सुनिश्चित कराये जाने के लिए गठित जांच टीम द्वारा निरीक्षण एवं नमूना ग्रहित किये गये। तहसील बदलापुर एवं मछलीशहर में जिला कृषि अधिकारी के०के० सिंह, तहसील सदर एवं केराकत में उप कृषि निर्देशक जय प्रकाश, तहसील शाहगंज में भूमि संरक्षण अधिकारी, प्रथम शशिकश सिंह एवं तहसील मड़ियाहूँ में भूमि संरक्षण अधिकारी, द्वितीय अमित कुमार चौबे द्वारा उर्वरक बिक्री केन्द्रों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जनपद की सभी साधन सहकारी समितियाँ प्रादेशिक हड़ताल के कारण बन्द पायी गयी कुल 39 उर्वरक बिक्री केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें 27 प्रतिष्ठानों से नमूना ग्रहित किये गये जिला कृषि अधिकारी ने बृजेश फर्टिलाइजर, बक्शा, जौनपुर द्वारा अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने के कारण उर्वरक विक्रय प्राधिकार निलम्बित किया गया तथा हरि फर्टिलाइजर्स बक्शा एवं मंगला फर्टिलाइजर्स बदलापुर पड़ाव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

# एमएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित : काउंसलिंग 21 से

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के घलिए सत्र 2021–23 में एमएड प्रवेश हेतु 8 अक्टूबर 2021 को कराई गई प्रवेश परीक्षा का परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इस प्रवेश के लिए रैंक 1 से 443 तक के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 20.11 .2021 शनिवार को और 444 से अंत तक के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 21.11. 2022 को होगी। काउंसलिंग हेतु काउंसलिंग पत्र 13 नवंबर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करना जरूरी है।

# बीए एलएलबी परीक्षा का ऑनलाइन फार्म की तिथि 10 नवंबर तक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में बीए एलएलबी (आनर्स )2020–21 हेतु चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की संस्थागत/ भूतपूर्व /बैक पेपर परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने और फीस जमा करने की तिथि दो नवंबर से 10 नवंबर 2021 निर्धारित की गई है। विद्यार्थी परीक्षा फार्म और शुल्क रसीद 12 नवंबर तक विभाग में जमा कर सकते हैं। विभाग द्वारा सत्यापन 10 से 13 नवंबर तक और प्रवेश पत्र वितरण 16 और 17 नवंबर को होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री वीएन सिंह ने दी है।


## एक दिवसीय कायाकल्प अवार्ड योजना प्रशिक्षण

जौनपुर सू.वि. : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय कायाकल्प अवार्ड योजना का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें जिले के समस्त ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे। प्रशिक्षण मंडलीय सलाहकार क्वालिटी इंश्योरेंस वाराणसी डॉ. तनवीर सिद्दीकी एवं जिला सलाहकार क्वालिटी इंश्योरेंस जौनपुर डॉ. सतीश पाठक द्वारा दिया गया। कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत गत वर्ष 11 चिकित्सा इकाइयों को कायाकल्प अवार्ड प्राप्त हुआ था। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सालय के सुंदरीकरण, बेहतर कार्य क्षेत्र प्रबंधन, बेहतर रोशनी, बगीचा हर्बल गार्डन, सैनिटेशन हाइजीन, इनफेक्शन कंट्रोल, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हाइजीन प्रोमोशन तथा चिकित्सालय को पर्यावरण से अनुकूल बनाने को लेकर जानकारी दी गई। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा समस्त चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि अपने चिकित्सालय की समस्त कमियों को जल्द से जल्द दूर कराकर कायाकल्प अवार्ड योजना में बेहतर प्रदर्शन करें।

## दीवाली के मद्देनजर अधिकारियों ने सेहत की सुरक्षा के लिए एहतियात बरतने के दिए निर्देश


जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह तथा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने जनपदवासियों को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए सभी से स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की अपील की है।अधिकारियों का कहना है कि दीवाली पर थोड़ी सतर्कता आवश्यक है। दीवाली में बड़ी संख्या में बाहर रह रहे लोग जनपद में आ रहे हैं। धार्मिक स्थलों और बाजारों में भीड़ इकट्ठा हो रही है। ऐसे में कोविड से खुद के साथ दूसरों को सुरक्षित बनाना बहुत जरूरी है। ऐसे समय में लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करना चाहिए। कोरोना से बचाव के लिए जिले में टीकाकरण का वृहद अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अभी तक बहुत से लोगों ने टीके की पहली ही डोज नहीं ली है। कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने पहली डोज तो लगवा ली है लेकिन दूसरी डोज की तिथि आने के बाद भी नहीं लगवा रहे हैं। कोरोना से पूरी तरह से सुरक्षित होने के लिए दोनों डोज लगवाना जरूरी है। जिलाधिकारी, सीएमओ व डीआईओ ने जनपदवासियों से पहली और दूसरी डोज लगवाने की अपील की है जिससे इस बीमारी से खुद को सुरक्षित किया जा सके। उनका कहना है कि कोरोना संक्रमित के सम्पर्क में आने से फैलने वाली बीमारी है। इसलिए कोविड प्रोटोकॉल का पालन आवश्यक है। एक दूसरे से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचें। ज्यादा लोगों के सम्पर्क में आने वाली वस्तुओं को छूने के बाद साबुन पानी से हाथ अवश्य धुलें या सेनेटाइजर का इस्तेमाल करें।


समस्त ग्राम एवं क्षेत्र वासियों को दीपावली व भैयादूज की शुभकामनाएं



—बुलेट सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
ग्रामसभा राजेपुर
मो0 नं0—9628774411

समस्त क्षेत्र वासियों को दीपावली एवं भैयादूज की शुभकामनाएं



—राम चन्दर ज्वेलर्स
पो० राम चन्द्र अग्रहरी ,
वलीपुर बाजार, सुलतानपुर
फोन नं —9473521250
विश्वास आपका गारन्टी हमारी

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा, छठ एवं भईया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



—सन्तोष कुमार यादव
ग्राम प्रधान धोबौली
बेलघाट, गोरखपुर
उत्तर प्रदेश

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को दीपावली एव भैयादूज की हार्दिक बधाई



ई0 शारदा राम
अधीक्षण अभियन्ता
(यान्त्रिक)
कार्यालय प्रमुख अभियन्ता
सिंचाई एवं जल संसाधन
विभाग उ0प्र0 लखनऊ

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को दीपावली व भैयादूज की हार्दिक बधाई



— ई0 राजकुमार पाण्डेय
अधिशासी अभियन्ता(या0)
लघु डाल नहर खण्ड, जौनपुर

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को दीपावली व भैयादूज की हार्दिक बधाई



—ई. विजय कुमार
सहा0 अभियन्ता
( यान्त्रिक )
नलकूप खण्ड,
बलरामपुर, उ0प्र0

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को दीपावली व भैयादूज की हार्दिक बधाई




—निर्भय राम
अवर अभियंता
नलकूप खण्ड,
जौनपुर

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को दीपावली व भैयादूज की हार्दिक बधाई



—ई0 अरुण कुमार सिंह
मुख्य अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
लखनऊ

आप सभी जनपद एवं प्रदेश वासियों को दीपावली व भैयादूज की हार्दिक बधाई



—ई0 चन्द्रशेखर आजाद
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
वाराणसी

आप सभी जनपद, प्रदेश एवं देश वासियों को दीपावली व भैयादूज की हार्दिक बधाई



—ई0 एस.के.उपाध्याय
अधीक्षण अभियन्ता
(सेवा निवृत्त)
वाराणसी, उत्तर प्रदेश


# दुष्कर्म केस में गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजने के मामले में इंस्पेक्टर सहित तीन पर गिरी गाज

प्रयागराज ब्यूरो : दुष्कर्म मामले के गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजने के मामले में मंगलवार को कार्रवाई हुई। जनपदीय सर्विलांस प्रभारी संजय सिंह यादव, हंडिया इंस्पेक्टर बृजेश सिंह यादव व नारकोटिक्स प्रभारी एसआई महावीर सिंह को हटा दिया गया है। तीनों को उनके वर्तमान तैनाती स्थल से हटाकर जोनल दंगा नियंत्रण इकाई से संबद्ध कर दिया गया। मामले का संज्ञान लेते हुए एडीजी जोन प्रेमप्रकाश ने यह कार्रवाई की। इस मामले से संबंधित खबर एक दिन पहले अमर उजाला ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसमें बताया गया था कि किस तरह दुष्कर्म पीड़िता पर दबाव बनाने के लिए उसके गवाह को हंडिया थाने में दर्ज दुष्कर्म के मामले में फर्जी तरीके से जेल भेज दिया गया। साथ ही पोल खुलने पर अपनी गर्दन बचाने के लिए उसे आननफानन में सीआरपीसी 169 के तहत रिपोर्ट भेजकर जेल से रिहा भी करा दिया गया। खबर छपने के बाद हड़कंप मच गया। उधर, अफसरों ने भी मामले का संज्ञान ले लिया। पूछताछ के बाद मामले में कार्रवाई की गई। सर्विलांस प्रभारी संजय सिंह यादव, हंडिया इंस्पेक्टर बृजेश सिंह और नारकोटिक्स प्रभारी महाबीर सिंह को हटाकर जोनल दंगा नियंत्रण इकाई में भेज दिया गया। आरोप है कि तीनों की मिलीभगत से ही यह खेल हुआ। जिसमें मुकदमे में दबाव बनाने के लिए गवाह को फर्जी तरीके से सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया। उधर पूरामुफ्ती इंस्पेक्टर व एक महिला सिपाही को भ्भी दंगा नियंत्रण इकाई में भेजा गया है। सीएम का स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी हाल में दागी छवि वाले पुलिसकर्मियों को फील्ड में तैनाती न दी जाए। उन्होंने हाल ही में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी इस संबंध में निर्देश दिए थे। गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजने के आरोप बेहद गंभीर हैं। प्रथम दृष्टया भूमिका संदिग्ध होने पर तीनों पुलिसकर्मियों को जोनल दंगा नियंत्रण इकाई में संबद्ध किया गया है। मामले की जांच एडिशनल एसपी से कराई जा रही है। डीआईजी को निर्देशित किया गया है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाए। सर्विलांस से लोकेशन निकालकर पकड़ा था गवाह को सूत्रों का कहना है कि सर्विलांस प्रभारी संजय सिंह यादव ने अपने पद का फायदा उठाते हुए इस मामले में खेल किया। उसने हंडिया इंस्पेक्टर और नारकोटिक्स प्रभारी को भी शामिल कर लिया। इसके बाद खुद गवाह की लोकेशन सर्विलांस के जरिए निकालकर उसे शहर से पकड़वाया और फिर हंडिया इंस्पेक्टर को सौंप दिया। जिसके बाद हंडिया थाने में दाखिला कराकर उसे जेल भेज दिया गया। स्कूटी पर लगा दिया ट्रक का नंबर। इस मामले में एक और खेल किया गया। गवाह को जिस स्कूटी के साथ पकड़ा गया, उसकी नंबर प्लेट भी बदल दी गई। सूत्रों का कहना है कि गवाह को शहरी क्षेत्र से पकड़ा गया, जिसके कब्जे से स्कूटी भी मिली। इस स्कूटी को पहले कर्नलगंज थाने ले जाया गया। वहां से इसे हंडिया थाने भेजा गया और बीच रास्ते में ही स्कूटी की ओरिजिनल नंबर प्लेट बदलकर इस पर ट्रक की नंबरप्लेट लगा दी गई। ऐसा इसलिए किया गया ताकि गवाह को जालसाजी का भी आरोपी बनाया जा सके।


# पाँचवे दीपोत्सव पर 84 कोस में सजी राम नगरी अयोध्या : रंगबिरंगी तस्वीरों में दिख रही निराली छटा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या मे इस बार पाँचवें दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए शासन प्रशासन ने एड़ी चोटी एक कर दिया है।जिसका नतीजा यह रहा कि दीपोत्सव की पूर्व संध्या पर यानी कि 2 नवंबर को पूरी अयोध्या दुल्हन की तरीके से रंग बिरंगी प्रकाश में जहां एक ओर सजी हुई थी वहीं दूसरी तरफ सरयू किनारे स्थित राम की पैड़ी पर आयोजित होने वाले पांचवें दीपोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए नौ लाख से अधिक दीपों से दीपोत्सव मनाने के लिए शासन–प्रशासन एड़ी चोटी एक किया हुआ था कि इसमें कोई चूक ना रह जाए।वही 2 नवंबर को लाइट आउट साउंड सिस्टम द्वारा राम कथा पार्क का दृश्य लोगों को बरबस ही अपनी तरफ आकर्षित कर रहा था कुल मिलाकर इस समय अयोध्या के राम नगरी दुल्हन की तरीके से सजी हुई है जिसे 3 नवंबर को होने वाले दीपोत्सव के लिए फाइनल टच दिया गया था।सूत्र के मुताबिक चौदह साल का वनवास पूरा करके अपने गृह नगर लौट रहे प्रभु श्रीराम के स्वागत की संपूर्ण भावभूमि आकार ले चुकी है। बुधवार दोपहर सरयू किनारे रामकथा पार्क में पुष्पक विमान स्वरूप हेलीकॉप्टर से प्रभु राम, सीता व लक्ष्मण उतरेंगे। वहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत विभिन्न मंत्री और संत–धर्माचार्य दीप सजाकर प्रभु की अगवानी करेंगे।इसके बाद वे गुरू वशिष्ठ की भूमिका में भगवान श्रीराम का राजतिलक करेंगे। सीएम रामलला के दरबार भी जाएंगे। इसके बाद सीएम, राज्यपाल सहित कई मंत्री मां सरयू की भव्य आरती भी उतारेंगे।वही राम की पैड़ी के घाटों पर विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए नौ लाख दीप जलाकर साढ़े सात लाख दीप एक साथ 40 मिनट तक जलाने और पांच मिनट तक जलते रहने का नया विश्व कीर्तिमान बनाने का लक्ष्य अवध के 12 हजार युवा साधेंगे। 2017 से शुरू हुए दीपोत्सव ने हर साल नए कीर्तिमान गढ़े हैं। नए रिकॉर्ड की साक्षी बनने के लिए गिनीज बुक की टीम अयोध्या पहुंच चुकी है।राम की पैड़ी पर 337 फीड की स्क्रीन पर महर्षि बाल्मीकि रामकथा सुनाएंगे।यहां तीन लेयर की लाइटें लगाई हैं। साउंड सिस्टम 32 फीट पर लगाया गया है। घाट पर तीन अलग–अलग तरह की स्क्रीन पर महर्षि वाल्मीकि अयोध्या के घाट पर स्वयं पधारेंगे और रामकथा सुनाएंगे। मल्टीमीडिया शो में लाइट एंड साउंड शो दर्शकों और श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर देगा। प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए महर्षि वाल्मीकि की मल्टी डायमेंशनल होलोग्राफिक इमेज अयोध्या की पावन धरा पर अवतरित होगे।इस बार सरयू पुल पर ग्रीन पटाखों की आतिशबाजी होगी। इस पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।



मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथि सरयू तट से आतिशबाजी निहारेंगे। इसके लिए यहां अलग से मंच बनाया गया है। करीब 20 मिनट तक आतिशबाजी होगी।अलग–अलग रंगों के पटाखों से आसमान सतरंगी हो जाएगा। सरयू पुल व घाटों के फूलों एवं विद्युत झालरों से सजाया गया है। शाम होते ही पूरा सरयू तट रोशनी में नहा उठता है।दीपोत्सव समारोह को लेकर अयोध्या के सभी प्रवेश द्वारों से लोगों का प्रवेश वर्जित कर दिया गया है।मंगलवार से रूट डायवर्जन लागू हो गया। मुख्य कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा की कमान एटीएस व अर्द्धसैनिक बलों ने संभाल ली। अयोध्या में चप्पे–चप्पे पर अर्द्धसैनिक बल, पीएसी के जवान, पुलिस व होमगार्ड तैनात हैं।वही खुफिया विभाग व सादी वर्दी में पुलिस के जवान संदिग्धों पर नजर रख रहे हैं। अयोध्या प्रवेश के द्वार हनुमान गुफा, साकेत पेट्रोल पंप, रामघाट, बूथ नंबर चार, हलकारक का पुरवा, उदया चौराहा, टेढ़ी बाजार, गैस एजेंसी गोदाम के पास से बाहरी वाहनों व लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। अयोध्यावासियों, ड्यूटी में लगे अधिकारी–कर्मचारी व दीप लगाने में जुटे स्वयंसेवकों को ही आने–जाने दिया जा रहा है।सुरक्षा की कमान स्वयं आईजी कविंद्र प्रताप सिंह के साथ एसएसपी शैलेश पांडेय, एसपी सिटी विजयपाल सिंह व जनपद में तैनात व बाहर से आए एएसपी स्तर के अधिकारियों ने संभाल ली है।इस संबंध में एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। जिले के व बाहर से आए अधिकारी व कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात कर दिया गया है। कोविड प्रोटोकॉल के चलते ज्यादा भीड़ न हो, इसके लिए बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। दीपोत्सव समारोह के मुख्य कार्यक्रम स्थल के प्रवेश के सभी द्वार पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। यहां से सिर्फ दीप सजाने के कार्य में लगे स्वयंसेवक व व्यवस्था से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों को विश्वविद्यालय व संबंधित विभाग से जारी परिचय पत्र पर प्रवेश दिया जा रहा था।राम की पैड़ी, सरयू घाट व रामकथा पार्क जाने के लिए इसी स्थान से गुजरना पड़ेगा। यहां पुराने पुल, बाईपास, शहर में प्रवेश के और सरयू घाट पर जाने वाले मार्ग पर बैरियर लगे हैं। तैनात सुरक्षाकर्मी व्यवस्था में लगे लोगों को छोड़कर किसी को आने–जाने नहीं दे रहे थे।गोंडा जनपद से जुड़ा पुराने सरयू पुल के दोनों तरफ के अलावा बीच में एक स्थान पर लगे बैरियर से किसी को आने नहीं दिया जा रहा है। गोंडा जनपद में भी अयोध्या आने वाले मार्ग लकड़मंडी मोड़ पर गोंडा पुलिस द्वारा बैरियर लगाया है। पुराने पुल से नयाघाट तक जाने वाले करीब दो सौ मीटर मार्ग पर बीच में लोहे की जाली से डिवाइडर बनाया गया है।यह रास्ता मुख्य कार्यक्रम के दौरान सिर्फ वीआईपी इस्तेमाल करेंगे।


धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा,यम द्वितीया व भइया दूज के पावन पर्व पर सभी सम्मानित जनपद वासियों को हमारी ओर से हार्दिक बधाई






–श्री नवदुर्गा प्लाइवुड एवं हार्डवेयर सेंटर
रीडगंज, अयोध्या,फैजाबाद
मो– 9415076595
6307585494

शहर की एकमात्र प्रतिष्ठित डिजाइनर,डोर्स,प्लाईवुड लेमिनेट्स,फैन्सी हार्डवेयर,मॉड्यूलर किचन एसेसरीज तथा फिनिसिंग,मिटीरियल की विश्वसनीय प्रतिष्ठान


## समाजवादी पार्टी को सत्ता में लाये बगैर चुप न बैठें कार्यकर्ता– अनूप सिंह

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : दीपावली से दो दिन पूर्व अपने अपने डिग्री कॉलेज परिसर में वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह 'अनूप' ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी बूथ व सेक्टर प्रभारियों को गमछा, घड़ी व मिठाई देकर सम्मानित कर उनसे विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने को कहा। भारी संख्या में मौजूद सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये सपा जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कहा सत्तारूढ भाजपा सरकार के किसान व बेरोजगार विरोधी रवैये के चलते जनमानस में भारी असंतोष व्यापत है और इसी वजह से सपा का सत्ता में आना तय है। बैठक को संबोधित करते हुये सपा नेता अरशद आलम 'मोनू' ने कहा कि बीकापुर विधानसभा की आवाम पूरी तरह से मन बना चुकी है कि इस बार अनूप सिंह को विधायक बनाना है। इसके लिये कार्यकर्ताओं को ज्यादा से ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। इस मौके पर लगभग पाँच सौ कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुये आरडी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि सपा कार्यकर्ताओं में जोश हिलोरे ले रहा है। बस चुनाव की घोषणा होना बाकी है तथा इस बार 300 से ज्यादा सीटें पाकर सपा का सत्ता में आना तय है। अंत में कार्यकर्ता समागम को संबोधित करते हुऐ कार्यक्रम आयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह 'अनूप' ने कहा समूचे उत्तर प्रदेश का, गाँव, गरीब, किसान सरकार के जनहित रवैये से नाराज है जिससे अखिलेश यादव जी का इस बार मुख्यमंत्री बनना तय है। अनूप ने कार्यकर्ताओं को अभी से गाँव–गाँव जाकर प्रचार–प्रसार में जुट जाने का निर्देश दिया। इस मौके पर जिला पंचायत रेनू रावत सोनाली रावत, वरिष्ठ सपा नेता छोटेलाल यादव, एडवोकेट दीपक सिंह, दीपेंद्र सिंह, प्रधान सहदेव यादव, बाबा रामदीन यादव, सैय्यद दीदार अब्बास, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह 'गुड्डू',अम्बिका तिवारी, देवी प्रसाद तिवारी,मोहम्मद मियाँ उर्फ मोदी भाई, शत्रोहन यादव, अवधेश सिंह, सतीश यादव, राकेश वर्मा, विकास वर्मा, सुशील सिंह, प्रधान जयभान सिंह, पूर्व प्रधान रामसूरत यादव, राजकुमार निषाद, अमरेंद्र विक्रम सिंह, श्रीनिवास तिवारी, आदित्य प्रसाद तिवारी, नानकून यादव, बाबुल सिंह, तुलसीराम यादव सहित सैकडो लोग मौजूद रहे।

## अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र : सरदार पटेल और आचार्य कृपलानी एक आत्मा दो शरीर थे – प्रो० सी० के० मिश्र

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : सरदार वल्लभ भाई पटेल और आचार्य जे० बी० कृपलानी एक आत्मा, दो शरीर थे। उनके परस्पर सम्बन्ध इतने प्रगाढ़ थे कि प्रत्येक फैसला वे साथ–साथ लेते थे। यह विचार डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के वित्तअधिकारी प्रो० चयनकुमार मिश्र ने व्यक्त किए। श्री मिश्र अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र में आयोजित सिंधी, सिंध और सरदार पटेल विषय पर आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश भारत के सिंध प्रदेश में देश की आजादी के लिए चलाए जा रहे आन्दोलन के तरीकों से कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय नेता बहुत प्रभावित थे, उनमें से सरदार पटेल एक थे। सरदार पटेल ने अनेक अवसरों पर डॉ० चोइथराम गिदवानी, जयरामदास दौलतराम और आचार्य कृपलानी के कार्यों की सराहना भी की थी। प्रो० मिश्र ने कहा कि सरदार पटेल ही कृपलानी को गुजरात विद्यापीठ ले गए थे। जहाँ उन्हें 06 साल तक एक दूसरे को नजदीक से जानने समझने का न केवल अवसर मिला बल्कि कृपलानी को इसी दौरान आचार्य की पदवी भी मिली। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि वास्तुविद् अनूप रामानी ने बताया कि 1946 में आचार्य कृपलानी को कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल ने ही समर्थन किया था। श्री रामानी ने इसी परिप्रेक्ष्य में एक सवाल उठाया कि इस विषय पर खोज होनी चाहिए कि विभाजन के समय कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर जे० बी० कृपलानी के होने के बावजूद आधा पंजाब और आधा बंगाल तो भारत को मिला, किन्तु राजस्थान सीमा से जुड़े सिंध का एक भी हिंदू बहुल गाँव भारत को नहीं मिल सका। इस अवसर पर एम० ए० सिंधी के विद्यार्थियों रेखा खत्री, शालिनी साधवानी, संगीता खटवानी, जयप्रकाश क्षेत्रपाल, आरती केशवानी, अशोककुमार, पायल मोटवानी और सागर माखेजा ने अपने शोध आलेख प्रस्तुत किए। अध्ययन केंद्र के मानद निदेशक प्रो० आर० के० सिंह ने स्वागत तथा आभार एवं संचालन केंद्र के मानद सलाहकार ज्ञानप्रकाश टेकचंदानी 'सरल' ने किया।

## मां श्री कामाख्या धाम परिसर में प्रातः चार बजे से आरंभ हुआ भंडारा : रात 11 बजे तक भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जिले के रुदौली तहसील के सुनबा गांव में आदि गंगा गोमती तट पर स्थित मां श्री कामाख्या देवी मंदिर परिसर में विगत एक वर्ष से श्रीसीताराम राम नाम जप संकीर्तन का कार्यक्रम चल रहा जिसके एक वर्ष पूरे होने पर सोमवार एक नवंबर को कार्यक्रम के आयोजक व मां श्री कामाख्या देवी मंदिर के मुख्य पुजारी बृजकिशोर मिश्र द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे का आरंभ सुबह पांच बजे से हो गया जब पुजारी जी से बात की गई कि भंडारा कब तक चलेगा तो उनका जवाब था कि जब तक मां की इच्छा होगी तब तक चलता रहेगा। और मां की इच्छा भी थी की मेरा कोई भक्त प्रसाद ग्रहण से वंचित न रहे तभी तो प्रातः पांच बजे से रात 11 बजे तक भंडारा 16 घंटे लगातार चलता रहा। सीताराम नाम संकीर्तन जप में जहां भक्तों का अनमोल योगदान रहता है वहीं भंडारे में भी भक्तों का योगदान बेहद सराहनीय रहा। भंडारा समापन के बाद आसपास के गांवों में भी प्रसाद वितरण किया गया।प्रसाद वितरण कार्य भी भक्तों द्वारा आधीरात तक किया जाता रहा। अनुमान भी लगा पाना कठिन हो गया है कि भंडारे में कितने भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सबसे बड़ी बात तो यह कि दूसरे दिन भी देखा गया बहुत प्रसाद बचा रहा। रात्रि में विशाल जवाबी कीर्तन का भी आयोजन हुआ। जिसमें श्रीमती क्रांतिमाला (कानपुर) व सुशील दिनकर जी के मध्य रात भर बेहद रोचक व कड़ा मुकाबला रहा। दोनों कलाकारों ने श्रोताओं का मन ज्ञान बांट कर मोह लिया। वैसे बृजकिशोर मिश्र मां के मंदिर के करीब 20 साल से मुख्य पुजारी हैं और जब से श्री मिश्र यहां के पुजारी बने हैं तबसे यहां अक्सर धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं कभी श्रीमद भागवत कथा का संगीतमई कार्यक्रम तो कभी संगीत मई श्रीराम कथा तो कभी देवी भागवत कथा तो कभी सहस्त्र चंडी महायज्ञ आदि समेत तमाम धार्मिक कार्यक्रम इस स्थान पर पुजारी श्री बृजकिशोर मिश्र की देन है सभी कार्यक्रमों में आचार्य मनोज कुमार मिश्र जी का भी अपूरणीय योगदान रहता है आचार्य जी भी विद्वान कर्मकांडी ब्राम्हण हैं वे धार्मिक कार्यक्रमों हमेशा सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। फिलहाल दोनों बिप्र बधाई के पात्र हैं।

## शराब पिलाकर जमीन गिरवी लेने वालों की एसडीएम से शिकायत

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : तहसील क्षेत्र के एक गांव में अराजकतत्वों द्वारा शराब पिलाकर जमीन हड़पने का मामला प्रकाश में आया है।पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। मामला पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम पासिन पुरवा मजरे खण्डपिपरा गांव का है।जहां के निवासी राम खेलावन पुत्र बलकरन ने उपजिलाधिकारी रुदौली को शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया है कि मेरे पुत्र को गांव के ही अमरनाथ व रामनाथ पुत्रगण बेकरू,राम कुशल पुत्र भूलावन व भगेलू पुत्र राम खेलावन शराब पिलाकर गांव के अमरनाथ व रामनाथ पुत्र गढ़ बेकारु,रामकुशल पुत्र भुलावन ने भगेलू पुत्र खेलावन को शराब पिलाकर खेलावन के नाम की अराजी 1बीघा खेत को प्रदीप कुमार पुत्र शत्रोहन ने मुबलिग 22300 ६ में उक्त सभी लोगों ने गिरवी रखकर साथ शराब पीकर कुल धन राशि हजम कर लिया है।जब भुक्त भोगी अपने खेत में सरसो बोने गया तब उक्त विपक्षियों ने मना किया और कहा कि यह खेत गिरवी है।हमने तुम्हारे बेटे को पैसा देकर यह 1 बीघा खेत गिरवी रखा है।भुक्त होगी राम खेलावन ने सरसो खेत में बो दिया लेकिन जब सरसो की फसल जम आई तब उक्त लोगों ने बोई हुई और खेत मे जामी हुई फसल को जोतवा कर नष्ट करके उसी खेत में पुनः सरसो बो दिया।प्रार्थी ने जब उक्त खेत में सरसों को बोने से मना किया तो विपक्षी गणों ने प्रार्थी को ऐलानिया तौर पर धमकी देते हुए कहा कि यहां से चले जाओ वरना जान से हाथ धो लोगे।प्रार्थी ने किसी तरह से जान बचाते हुए उक्त प्रार्थी ने उपजिलाधिकारी रुदौली को शिकायती पत्र देकर उपरोक्त विपक्षियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।इस प्रकरण के सम्बंध में एसडीएम स्वप्नील यादव ने बताया कि पटरंगा पुलिस को जांच कर कार्यवाही का आदेश दिया गया है।

## मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : शिक्षा क्षेत्र रूदौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गनौली में सोमवार को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।मतदाता सूची प्रकाशन कार्यक्रम की अध्यक्षता सेक्टर सुपरवाइजर मुन्नालाल लेखपाल ने की संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अकील अहमद ने किया। मतदाता सूची कार्यक्रम में बूथ संख्या 216 की बीएलओ सीमा रानी,बूथ संख्या 217 की बीएलओ कांता देवी तथा बूथ संख्या 218 के बीएलओ अजय कुमार ने उपस्थित जन मानस को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई और प्रदर्शित की। प्रधानाध्यापक अकील अहमद ने बताया की आगामी 7,13,21एवं 28 नवंबर को विद्यालय में नाम बढ़ाने और नाम काटने व शिफ्ट करने से संबंधित आवेदन निर्धारित प्रारूप संख्या 6,7,8 पर सभी लोग कर सकते हैं।नवयुवक एवं युवती जिनकी आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष हो रही है वह भी मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से अपना नाम शामिल करा ले।अंत में लेखपाल मुन्ना लाल ने मतदाता सूची प्रकाशन में आये हुए सभी ग्रामीणों का आभार प्रकट किया।

## पूर्व मंत्री ने विकास के नाम पर उजाड़े गए सैकड़ों लोगों को दीपावली पर्व पर आर्थिक मदद व मिठाई किया भेंट

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने आज अयोध्या में विकास के नाम पर उजाड़े गए सैकड़ों लोगों को दीपावली पर्व पर आर्थिक मदद व मिठाई भेंट किया ।पार्टी कार्यालय पर एकत्र हुए लोगों को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल लोगों को उजाड़ने में लगी हुई है लेकिन उन्हें बसाने की कोई व्यवस्था इस सरकार द्वारा नहीं की जा रही ।उन्होंने बताया कि अयोध्या में विकास के नाम पर सैकड़ों लोगों को बेघर कर दिया गया, ऐसे में समाजवादी पार्टी ने उनकी लड़ाई लड़ने का पूरा मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जब समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो इन विस्थापित लोगों को स्थापित करने की पूरी व्यवस्था सरकार करेगी ।श्री पांडे ने कहा कि आज जहां दीपावली पर्व मनाने के लिए अयोध्या में कितनी धूम मचाई जा रही है वहीं सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जिनकी दीपावली फीकी पड़ गई है ।उन्होंने कहा कि इन विस्थापित लोगों के पास ना तो छत है और ना ही जमीन ऐसे में यह लोग अपनी दीपावली कैसे मनाएंगे यह एक विचारणीय तथ्य है ।श्री पांडे ने बताया कि आज पार्टी कार्यालय पर इन विस्थापित लोगों की मदद के लिए उन्हें आर्थिक सहायता व मिठाईयां आदि भेंट की गई ,समाजवादी पार्टी इन विस्थापित लोगों के साथ हर हाल में खड़ी रहेगी। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने इस मौके पर बताया कि आज बड़ी तादाद में लोगों ने पार्टी कार्यालय पर एकत्र होकर अपना दर्द पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे के साथ साझा किया ।उन्होंने बताया कि पूर्व मंत्री ने इन विस्थापितों की मदद करने का बीड़ा उठा लिया है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, पार्षद हाजी असद अहमद, पूर्व प्रदेश सचिव मो हलीम पप्पू, युवा नेता पांडे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव,पार्षद राम अजोर पार्षद महिंद्र शुक्ला, विशाल मणि यादव रिकी आदि मौजूद रहे।


धनतेरस,छोटी दीपावली,दीपावली,गोवर्धन पूजा,भैया दूज व यमद्वितीया पर हमारी ओर से सभी जनपद वासियों को हार्दिक बधाई
प्रोपराइटर – अनिल कुमार गुप्ता
कुमार मेडिसिन हाउस,
जेनेरिक दवाओं के थोक व फुटकर बिक्रेता
महिला थाना के सामने रिकाबगंज,अयोध्या


छोटी दीपावली,दीपावली,गोवर्धन पूजा,भैयादूज व यम द्वितीया के पावन पर्व पर समस्त जनपद वासियों को हमारी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
–डॉ अमित तिवारी
मॉर्डन डेंटल क्लिनिक
देवकाली तिराहा, फैजाबाद

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई




–नीरज कुमार कनौजिया
जनसमाजसेवी,
मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र,अयोध्या
मो0– 969259210

धनतेरस दीपावली गोवर्धन पूजा व यम दतिया के पावन पर्व पर हमारी टीम की ओर से जनपद वासियों को हार्दिक बधाई



– कुमारी रत्ना
महिला थाना प्रभारी
जिला, अयोध्या

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व यम द्वितीया के पावन पर्व पर समस्त जिले वासियो को हमारी ओर से हार्दिक बधाई



–डाक्टर अम्बिकेश त्रिपाठी
सदस्य
उत्तर प्रदेश राज्य संदर्भ समूह, अयोध्या

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई





–इश्तियाक अहमद
यश टेलर्स
जनाना हास्पिटल मार्ग,
रिकाबगंज फैजाबाद
मो–9415917730

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



–डॉ. मुकेश गौतम
(MBBS,MD)
संजाफी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर आशापुर दर्शन नगर, अयोध्या
मो0 –9839323999

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



–डॉ. निशी सिंह
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
MBBS कात्यायनी हॉस्पीटल निकट बिग बाजार, अयोध्या
मो0– 7234090000

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई




–विनय वर्मा
(रियल स्टेट )
अयोध्या–लखनऊ
मो0– 9628090226

धनतेरस,दीपावली,गोवर्धन पूजा व भइया दूज पर हमारी ओर से सभी जिलेवासियो को हार्दिक बधाई



–सुधांशु वर्मा
( रियल स्टेट )
अयोध्या–लखनऊ
मो0– 9695173381



सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com


उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।